नाम................................. अनुक्रमांक.................................

**B**

# अर्द्ध वार्षिक परीक्षा-2024-25
# जीव विज्ञान
# कक्षा-11

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट]** **[पूर्णांक : 70**

**निर्देश–प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।**

**नोट– (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**(ii) आवश्यकतानुसार अपने उत्तरों की पुष्टि नामांकित रेखाचित्रों द्वारा कीजिए।**

**(iii) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।**

**1. सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए–**

**(क) कवकों की कोशिका भित्ति बनी होती है–** **1**

**(a)** सेलुलोस **(b)** पेक्टिन
**(c)** सुबेरिन **(d)** काइटिन।

**(ख) कॉर्डेट जन्तु हैं–** **1**

**(a)** त्रिकोरकी **(b)** द्विपार्श्व सममित
**(c)** देहगुहीय **(d)** ये सभी।

**(ग) नागफनी में पत्तियाँ रुपान्तरित होती हैं–** **1**

**(a)** शल्क में **(b)** शूल में
**(c)** कटक में **(d)** पर्णकाय स्तम्भ में।

**(घ) कोशिका द्रव्य का लगभग 80% भाग बनाता है–** **1**

**(a)** खनिज लवण **(b)** प्रोटीन
**(c)** वसाएँ **(d)** जल

UPBoardHub

2. (क) जैव विविधता की परिभाषा दीजिए। 1

(ख) फर्न को संवहनी क्रिप्टोगैम क्यों कहा जाता है ? 1

(ग) कीट में कितनी जोड़ी पाद होते हैं ? 1

(घ) कूट चक्रक पुष्प क्रम किस पौधे में पाया जाता है ? 1

(ङ) राइबोसोम किस पदार्थ के द्वारा निर्मित होते हैं ? 1

3. (क) न्यूक्लिक अम्ल कितने प्रकार के होते हैं ? नाम बताइए। 2

(ख) पादप तथा जन्तु कोशिका में दो अन्तर लिखिए। 2

(ग) अन्तर्वेशी विभज्योतक कहाँ पाये जाते हैं ? 2

(घ) स्यूडोसील तथा हीमोसील में अन्तर लिखिए। 2

(ङ) लाइकेन के विभिन्न प्रकारों को सूचीबद्ध कीजिए। 2

4. (क) टैक्सान का क्या अर्थ है ? उदाहरण देकर समझाइए। 3

(ख) विषाणुओं की प्रकृति पर प्रकाश डालिए। 3

(ग) एक बीजपत्री तथा द्विबीजपत्री बीजों में अन्तर लिखिए। 3

(घ) पादपों में पेक्टिन का महत्व बताइए। 3

5. (क) सायनो बैक्टीरिया के लाभदायक प्रभाव के दो उदाहरण लिखिए। 3

(ख) फर्न प्रोथैलस पर टिप्पणी लिखिए। 3

(ग) रुधिर तथा लसीका मे अन्तर लिखिए। 3

(घ) संतृप्त तथा असंतृप्त वसा अम्लों में अन्तर लिखिए। 3

6. (क) अर्द्धसूत्री विभाजन का क्या महत्व है ? 3

(ख) प्रोटीन की तृतीय संरचना से क्या तात्पर्य है ? 3

(ग) अरेखित तथा रेखित पेशी तन्तु में अन्तर लिखिए। 3

(घ) नर तथा मादा एस्केरिस में अन्तर लिखिए। 3

UPBoardHub

7. मॉस के स्पेरोफाइट के संरचना का वर्णन कीजिए। 5

अथवा

कार्बोहाइड्रेट क्या हैं ? कार्बोहाइड्रेट के प्रमुख संवर्गों का उल्लेख कीजिए। जन्तु शरीर में कार्बोहाइड्रेट की क्या भूमिका है ?

8. संघ कॉर्डेटा के मुख्य लक्षण बताइए। जैव वैज्ञानिक नाम के साथ दो उदाहरण दीजिए। 5

अथवा

पुष्पासन पर स्थिति के अनुसार लगे पुष्पी भागों का वर्णन कीजिए।

9. तंत्रिका ऊतक की संरचना तथा कार्य का वर्णन कीजिए। 5

अथवा

दो कोशिकीय अंगकों का नाम बताइए जो द्विकला से घिरे होते हैं। इन दोनों अंगकों की क्या विशेषताएँ हैं ? इनका कार्य तथा रेखाचित्र को समझाइए।

◇◇◇◇◇

UPBoardHub